Fax/Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संख्या –** 04– क्षे0स्था0 (विविध) 09/2019 10387 पटना, दिनांक :– 28-07-2020

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

सेवा में,

**समाहर्त्ता,**
लखीसराय।

पटना, दिनांक :–

विषय :– भू–अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण (CLR) योजनान्तर्गत राज्य के अंचल कार्यालयों में प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरो के स्थानान्तरण के संबंध में।

महाशय,

उक्त कार्यो की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि अंचल कार्यालयों में प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों द्वारा ऑनलाईन म्यूटेशन कार्य में शिथिलिता बरती जा रही है, जिसके कारण आम रैयतों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं ऑनलाईन दाखिल खारिज में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है, जिसके कारण लंबित वादों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि सभी ऑपरेटर योगदान की तिथि से (विगत 8–9 वर्षो से) लगातार एक ही जगह पर प्रतिनियुक्त हैं, फलतः इनका रवैया आम जनता के प्रति उदासीन हो गया है।

अतः निदेशानुसार कार्यहित में उक्त अंचलों में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटरों को संलग्न सूची के अनुसार स्थानान्तरण करते हुए इनके नाम के सामने अंकित अंचलों में पदस्थापित किया जा रहा है। सभी स्थानांतरित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर **07 अगस्त** तक नव पदस्थापित स्थानों पर अपना योगदान देंगे। स्थानांतरित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के अगस्त 2020 माह का भुगतान नव पदस्थापित अंचलों में उपस्थिति के आधार पर होगा।

अनुलग्नक :– आदेश एवं सूची संलग्न।

विश्वासभाजन

28/7/20

**(जय सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09/2019 10387 **पटना, दिनांक :–** 28-07-2020

**प्रतिलिपि :–** संबंधित अपर समाहर्त्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि संलग्न सूची में अंकित ऑपरेटरों को उनके नव पदस्थापित अंचल कार्यालय में योगदान करने के लिए विरमित करने हेतु संबंधित अंचलाधिकारियो को अपने स्तर से निदेश देने कृपा की जाय।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09/2019 10387 **पटना, दिनांक :–** 28-07-2020

**प्रतिलिपि :–** संबंधित सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों को नव पदस्थापित अंचल कार्यालय में योगदान देने हेतु शीघ्र विरमित कर दिया जाय।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय के अन्तर्गत **लखीसराय** जिला के अंचलों में प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की सूची :–

| Sl. No. | Distt. | Opreator Name | Present Circle Name | नव पदस्थापित अंचल का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Lakhisarai | Bihsat Kumar | Barahiya | Chanan | |
| 2 | | Vaidaint Prakash Sharma | Chanan | Halsi | |
| 3 | | Gopal Kumar | Halsi | Lakhisarai | |
| 4 | | Sanjay Kumar | Lakhisarai | Pipariya | |
| 5 | | Avinash Kumar | Pipariya | Surajgarha | |
| 6 | | Gaurav Kumar | Surajgarha | Barahiya | |

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या** :– 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09/2019...10364.......पटना दिनांक :– 27-07-2020

# आदेश

DILRMP योजना अतर्गत आम रैयतों के सुविधा हेतु राज्य के सभी अचल कार्यालयों में ऑनलाईन विधि से दाखिल खारिज, जमाबंदी पंजी का कम्प्यूटरीकरण/अद्यतीकरण एवं लगान वसूली का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु राज्य के 477 अंचलों में एक–एक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सेवा बेल्ट्रॉन के माध्यम से ली गयी है।

उक्त कार्यो की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि अंचल कार्यालयों में प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों द्वारा ऑनलाईन म्यूटेशन कार्य में शिथिलिता बरती जा रही है, जिसके कारण आम रैयतों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं ऑनलाईन दाखिल खारिज में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है, जिसके कारण लंबित वादों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि सभी ऑपरेटर योगदान की तिथि से (विगत 8–9 वर्षो से) लगतार एक ही जगह पर प्रतिनियुक्त है, फलतः इनका रवैया आम जनता के प्रति उदासीन हो गया है।

सभी स्थानांतरित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर 07 अगस्त तक नवपदस्थापित स्थानों पर अपना योगदान देंगे। स्थानांतरित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के अगस्त 2020 माह का भुगतान नवपदस्थापित अंचलों में उपस्थिति के आधार पर होगा।

**अनुलग्नक** :– सूची संलग्न।

(जय सिंह) 27/7/20

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09/2019..10364 **पटना, दिनांक** :– 27-07-2020

**प्रतिलिपि** :– प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन/प्रभारी मानव संसाधन, बेल्ट्रॉन बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि संलग्न सूची के अनुसार स्थानान्तरित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के ई0आर0पी0 सॉफ्टवेयर में आवश्यक प्रविष्टि/सुधार करने की कृपा की जाय ताकि उनके पारिश्रमिकी के भुगतान में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हों।

27/7/20

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Year 2020 Om\Suman jee\Order\File No 9- 2019 22.06.2020.docx

**ज्ञापांक** :– 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09 / 2019–10364 **पटना, दिनांक** :– 27-07-2020

**प्रतिलिपि** :– सभी संबंधित समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि संलग्न सूची में अंकित ऑपरेटरों को उनके नवपदस्थापित अंचल कार्यालय में योगदान करने के लिए विरमित करने हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को अपने स्तर से निदेश देने कृपा की जाय।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09 / 2019–10364 **पटना, दिनांक** :– 27-07-2020

**प्रतिलिपि** :– संबंधित सभी अपर समाहर्त्ता / अनुमण्डलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09 / 2019–10364 **पटना, दिनांक** :– 27-07-2020

**प्रतिलिपि** :– संबंधित सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों को नव पदस्थापित अंचल कार्यालय में योगदान देने हेतु शीघ्र विरमित कर दिया जाय।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 04–क्षे0स्था0 (विविध)–09 / 2019–10364 **पटना, दिनांक** :– 27-07-2020

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 सेल कोषांग को निदेशालय, विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Year 2020 Om\Suman jee\Order\File No 9- 2019 22.06.2020.docx